एक नजर

विधानसभा चुनाव-2027 तक चलेगा जागरूकता अभियान, सुरक्षा में तैनात होंगे सशस्त्र पुलिसकर्मी

गोण्डा। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को जागरूक करने की पहल शुरू कर दी है। ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से आमजन को परिचित कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र (ईडीसी) स्थापित किया गया है। यहां पहुंचकर मतदाता मतदान प्रक्रिया को समझ सकेंगे और ईवीएम एवं वीवीपैट के उपयोग की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के दर्शन कक्ष के बगल स्थित टीनशेड में 20 नवंबर से ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद एवं तहसील स्तर पर ऐसे केंद्र स्थापित कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह अभियान आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की अधिसूचना जारी होने तक जारी रहेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। पत्र में 20 नवंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से विधानसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने तक केंद्र पर ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती करने को कहा गया है।निर्वाचन विभाग की इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं के मन में मतदान प्रक्रिया को लेकर जागरूकता बढ़ाना और ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में नागरिक पूरी जानकारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

गोण्डा। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूरे डाल ग्राम पंचायत के कल्हैयन पुरवा निवासी विवेक मिश्रा (पुत्र पवन मिश्रा) गुरुवार रात करीब आठ बजे अपने साथी टिंटू के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान मलियन पुरवा गांव के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में दोनों को गोंडा जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने विवेक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल टिंटू का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।विवेक की मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पिता पवन मिश्रा ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश के साथ हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

सिंघाड़ा तोड़ने तालाब गए अधेड़ की डूबकर मौत, दूसरे दिन मिला शव

गोण्डा। मोतीगंज थाना क्षेत्र के कुंदुरखा गांव में सिंघाड़ा तोड़ने तालाब पर गए अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार दोपहर घर से निकले अधेड़ का शुक्रवार सुबह तालाब में उतराता शव मिला। उनकी तलाश में जुटे परिजनों को तालाब किनारे गमछा और चप्पलें मिली थीं। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।कुंदुरखा निवासी शिव प्रसाद मौर्य (50) पुत्र रामकरन ने गांव के तालाब में सिंघाड़ा लगा रखा था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह सिंघाड़ा तोड़ने के लिए तालाब पर गए थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के पास पहुंचने पर उनकी नाव नहीं दिखाई दी, जबकि गमछा पानी में तैरता मिला और चप्पलें तालाब के बाहर पड़ी थीं। इससे अनहोनी की आशंका गहरा गई।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक तालाब में उनकी तलाश कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह उनका शव तालाब में उतराता मिला। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधेड़ की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

जमीनी विवाद में महिला और देवरानी की लाठी-डंडों से पिटाई, कान कटा

गोण्डा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरीपुरवा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो महिलाओं की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में देवरानी का दाहिना कान कट गया, जबकि जेठानी के सिर में गंभीर चोट आई है। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के पति को भी आरोपियों ने लाठी से पीटकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी नाजमा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे जमीन के विवाद को लेकर उसके जेठ चुननू और भतीजे भुद्दू ने उस पर और उसकी देवरानी नसीरा पर हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। इस दौरान नसीरा का दाहिना कान कट गया, जबकि नाजमा के सिर में गंभीर चोट आई।महिलाओं को पिटता देख बचाव के लिए पहुंचे नाजमा के पति को भी आरोपियों ने लाठी से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, 19 बिस्वा जमीन उसके नाम दर्ज है। इसी जमीन को लेकर आरोपियों से रंजिश चल रही थी। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।सीओ आनंद कुमार राय ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नियमानुसार कार्रवाई कराई जा रही है।

बाबा श्याम की भक्ति में रंगा रुपईडीहा, 63 निशानों के साथ नेपालगंज के लिए रवाना हुई शोभायात्रा

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा रामलीला चौराहा संतोषी माता मंदिर से नेपालगंज के लिए पैदल एवं रथ निशान यात्रा देवउठनी एकादशी एवं बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के पर शुक्रवार को सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में आस्था और भक्ति भाव का वातावरण देखने को मिला। आपको बताते चलें कि सुबह सात बजे रामलीला चौराहा संतोषी माता मंदिर से बाबा श्याम की पैदल एवं रथ भव्य निकाली गई। सजे-धजे ढोल नगाड़े बाजे के साथ रथ पर विराजमान बाबा श्याम की झांकी के दर्शन के लिए रास्ते भर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। ज्ञातव्य हो कि शोभायात्रा में शामिल बाबा श्याम के दीवाने भक्त हाथों में निशान लेकर बाबा खाटू नरेश की जय बाबा श्याम की जय जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। संतोषी माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा बजाजा मार्केट और स्टेशन रोड से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के रास्ते पैदल एवं रथ भव्य यात्रा नेपालगंज के लिए रवाना हुई। नेपाल के शीतल नगर स्थित श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से बाबा को नेपालगंज श्याम बाबा के मंदिर में 63 निशान अर्पित किए जाएंगे।मान्यता है कि बाबा श्याम को निशान चढ़ाना भक्तों की अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। भक्त जनों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ निशान यात्रा में शामिल होते हैं। देवउठनी एकादशी पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने निशाना यात्रा सहभागिता की शोभायात्रा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए पुलिस प्रशासन तरफ से सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा तथा सीतापुरवा चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिह पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह नवम्बर के तृतीय शनिवार 21नवम्बर 2026 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील मिहींपुरवा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

21 व 28 नवम्बर को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार यादव ने बताया कि मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एन.आई. एक्ट की धारा-138 अन्तर्गत चेक बाउन्स तथा 28 नवम्बर 2026 को मोटरयान से सम्बन्धित लम्बित वादों/चालानों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है। श्री यादव ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिनका एन.आई. एक्ट की धारा-138 से संबंधित वाद न्यायालय में लम्बित हो, तो वह संबंधित न्यायालय में समय से प्रार्थना-पत्र देकर अपने वाद निस्तारण कराते हुए इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

मरीमाता मंदिर का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



बहराइच। 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री मरीमाता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन, पार्किंग स्थल, साफ-सफाई एवं संपर्क मार्ग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य मार्ग से मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभाग को मार्ग की आवश्यक मरम्मत समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मेले से पूर्व सभी संपर्क मार्ग सुगम एवं सुरक्षित स्थिति में होने चाहिए। नगर पालिका एवं विकास विभाग को सफाई, जल निकासी तथा आसपास के क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सड़क हादसे में एक युवक की मौत

श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर क्षेत्र अन्तर्गत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर के तुलसीपुर गांव निवासी 22 वर्षीय बृजेश कुमार कश्यप पुत्र लालमन बृहस्पतिवार देर शाम वह मोटरसाइकिल से तुलसीपुर बाजार गए थे। वहां से घर लौटते समय रास्ते में बहराइच की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से बृजेश को मेडिकल कॉलेज बहराइच ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें लेकर लखनऊ जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। तथा अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी है।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर जागरण, केक काटकर मनाई खुशियां



कटरा शिवदयालगंज गोण्डा। नगर नवाबगंज के जवाहर चौक पर बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य जागरण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति और उल्लास से सराबोर इस आयोजन में देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। पूरा परिसर %हारे के सहारे की जय% के जयकारों से गूंजता रहा।जन्मोत्सव के लिए बाबा खाटू श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया था। रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक झालरों से सजे दरबार की छटा देखते ही बन रही थी। जागरण में भजन गायकों सोनू, आयुषी, सोनी और महक सोनी ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते और तालियां बजाते रहे।जैसे ही रात के 12 बजे, बाबा के जन्मोत्सव की खुशियां चरम पर पहुंच गईं। इस अवसर पर अशोकपुर ग्रामसभा के प्रधान पवन सिंह ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया और बाबा को भोग अर्पित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर उत्सव की खुशियां साझा कीं।कार्यक्रम में पूर्व चौकी प्रभारी पंकज यादव और एसआई अंतिमा सिंह ने भी सहभागिता की। इसके अलावा नगर के गणमान्य नागरिक बिंदेश्वरी, अभिषेक गुप्ता, अशोक साहू, बैजनाथ गुप्ता, अनिल और अशोक सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी, महिलाएं, बच्चे और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन बाबा की महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

बजाज चीनी मिल में पेराई सत्र 2026-27 शुरु



गोण्डा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दरखी चीनी मिल के पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ शुक्रवार 20 नवम्बर को उप गन्ना आयुक्त डॉ. आर.बी. राम, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, यूनिट हेड पी.एन. सिंह, महाप्रबंधक ए.के. सिंह,गन्ना सोसायटी के चेयरमैन भारत सिंह, सपा नेता सूरज सिंह, डा. अरविन्द सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील शुक्ला, गंगवाल स्टेट के कुंवर के.के. सिंह आदि ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोचार से पूजा अर्चना कर पेराई सत्र का शुभारम्भ कराया। इसके पूर्व चीनी मिल परिसर में 19 नवम्बर को श्रीराम चरित मानस पाठ का भी आयोजन हुआसमारोह के दौरान यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल किसान हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। किसान हितों को ध्यान में रखते हुए विगत पेराई सत्र के बकाया धनराशि का सम्पूर्ण भुगतान शीघ्र ही करा दिया जायेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पेराई के दौरान कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या आने नहीं दी जायेगी। इस दौरान अतिथिओं व चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ कराया। इस अवसर पर जोनल एचआर हेड एन.के. शुक्ला, इंजीनियरिंग हेड अनुपम खरे, प्रोडक्शन हेड यू.पी. सिंह, एच.आर. हेड बी.पी. दीक्षित, सेल्स हेड आर.पी. सिंह, अकाउंट हेड राजीव पांडेय, गौरव सिंह, राजेन्द्र प्रकाश तिवारी, पूर्व चेयरमैन दिनेश सिंह, भयंकर सिंह, आजाद सिंह, हरेन्द्र सिंह सहित तमाम कृषकगण मौजूद रहे।

बैठक सम्पन्न

बहराइच। जनपद में आगामी 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से विगत दिवस सिविल कोर्ट सभागार में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अरविंद गौतम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न न्यायिक अधिकारी तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए नियत करें। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में आ रही बाधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके समाधान के लिए न्यायिक अधिकारियों से सुझाव भी लिए गए।

पीड़ित ने पुलिस से लगाई बरामदगी की गुहार

कैसरगंज,(बहराइच)। स्थानीय महिला अस्पताल परिसर से 19 नवंबर को एक मोटर साइकिल चोरी हो गई। वैरीमहेशपुर निवासी तिलकराम पुत्र बिहारी बच्चे को दवा दिलाने उमाशंकर पुत्र प्रेमनरायन निवासी चकपिहानी की एचएफ डीलक्स बाइक लेकर अस्पताल पहुंचे थे। बाइक खड़ी कर अस्पताल के अंदर जाने के बाद वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। बाइक का पंजीकरण नंबर यूपी 40 एडी 8111 बताया गया है। पीड़ित ने थाना कैसरगंज में तहरीर देकर मोटरसाइकिल बरामद कराने और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

डीएम एसपी ने पारले चीनी मिल में हवन पूजन कर डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र का किया शुभारम्भ



कैसरगंज ,बहराइच पारले चीनी मिल परसेण्डी गन्ना किसानों के लंबे इंतजार की घड़ियां समाप्त हुई पेराई सत्र 2026-27 का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों और प्रगतिशील गन्ना किसानों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ मिल के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र का श्रीगणेश किया। मिल प्रबंधन ने इस सत्र में 80 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया है। मिल गेट पर सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे मूसेपुर निवासी किसान छोटेलाल की बैलगाड़ी और बैलों का विधिवत पूजन किया गया। बैलों को गुड़ खिलाया गया। वहीं किसान छोटेलाल को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मिल के जीएम अनिल सखूजा ने बताया कि किसानों के खेत समय से खाली हों, जिससे वे गेहूं की बुवाई कर सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसी उद्देश्य से पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया है।

जिला उद्योग केन्द्र परिसर में 03 दिवसीय वृहद रोज़गार मेला सम्पन्न



बहराइच। उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा ने बताया कि 03 दिवसीय वृहद रोज़गार मेले के तीसरे दिन वृहस्पतिवार को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच के परिसर में वृहद ऋण वितरण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं यूनियन बैंक आफइण्डिया द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपायुक्त उद्योग श्री वर्मा के निर्देशन में बैंको से निरस्त पत्रावलियों तथा बैंक में लम्बित पत्रावलियों के लगभग 450 आवेदकों को फोन से सूचित करते हुए वृहद ऋण मेले में प्रतिभाग करते हुए 150 आवेदकों के ऋण विषयक त्रुटियों को ठीक करवाकर बैंकों को पुन: प्रेषित किया गया है।

14 दिसम्बर को रहेगा अवकाश

बहराइच। अपर जिलाधिकारी शासन द्वारा गुरु तेग बहादुर के बलिदानदिवस परकार्यकारी आदेश के 24 नवम्बर, 2026 को घोषित अवकाश को परिवर्तित करते हुए 14दिसम्बर, 2026 (दिन सोमवार) को कार्यकारी आदेश के अधीन गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर अवकाश घोषित गया है।

आयोजित होगा सेमिनार

बहराइच। प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम ने बताया विश्व मात्स्यिकी दिवस के मत्स्य विभाग, विकास खण्ड कैसरगंज के सभागार में 21 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सेमिनार/ कैम्प का आयोजन किया गया है।

एक नजर

श्याम शोभायात्रा निकली



तुलसीपुर/बलरामपुर। नगर में श्री श्याम महोत्सव संकीर्तन के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के पश्चात प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और बलरामपुर रोड से होते हुए संकीर्तन स्थल पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बाबा का भव्य स्वागत किया। संध्या कालीन भजन संध्या में देवरिया से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक श्याम शर्मा ने खाटू श्याम बाबा के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिस पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते और थिरकते नजर आए। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सदस्य सत्यम जिंदल ने कहा कि बाबा श्याम की असीम कृपा और नगरवासियों के सहयोग से यह महोत्सव प्रतिवर्ष भव्य रूप ले रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक सद्भाव, आध्यात्मिक चेतना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। इस भव्य आयोजन में विजय जिंदल, कृष्ण कुमार कसौधन, सुशील अग्रवाल और विजय अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया।

लापता महिला का शव मिला परिजनों ने की पहचान



तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के पीछे स्थित तालाब में गुरुवार देर रात एक महिला का शव उतराता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया। गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर परिजनों को बुलाकर शव की पहचान कराई गई। महिला की पहचान अर्जुमन बानो (40) पत्नी सलीम खान के रूप में हुई।स्टेशन रोड वार्ड नंबर नौ निवासी श्रीमती हकीकुनिशा ने गुरुवार को स्थानीय थाने में अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बीच देर रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के पीछे स्थित तालाब में एक महिला का शव उतराता दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस, जीआरपी और स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन अधीक्षक ने भी मेमो भेजकर सिविल पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर महिला की मां हकीकुनिशा को पहचान के लिए बुलाया गया। बाद में महिला के भाई सलीम और बुआ ने भी पहुंचकर शव की पहचान अर्जुमन बानो के रूप में की। मृतका की मां के अनुसार उसकी पुत्री की शादी महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र के शिवा नगर में हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण पति-पत्नी के बीच अनबन रहती थी, जिसके चलते वह अपने मायके में रह रही थी। उसका एक बेटा पिता के साथ, जबकि दो बच्चे नाना-नानी के पास रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 17 नवंबर की शाम अर्जुमन अपने गंभीर रूप से बीमार वृद्ध पिता के सामने से घर से निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौशालाओं में पशुओं को शीतलहर से बचायेंगे तिरपाल



श्रावस्ती। जनपद में कोहरे और हल्की ठंड की आहट हो चुकी है। 15 दिसंबर के बाद मौसम और ठंडा होने की उम्मीद है। इसलिए प्रशासन ने जनपद में शीतलहर से बचाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी मनोज कुमार राय ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को रेडक्रास की ओर से 100 तिरपाल सौंपे हैं जिनका उपयोग निराश्रित गोवंशों हेतु संचालित गौशालाओं में गोवंशों को शीतलहर से बचाने के लिए किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी ने कहा कि आपदाओं से बचाव के लिए पूर्व तैयारी जरूरी है इसलिए जनपद मे गौशालाओं में रह रहे गौवंशों को शीतलहर से बचाने के लिए अभी से तैयारी की जा रही है। इस क्रम में रेडक्रास की ओर से पशुपालन विभाग को तिरपाल प्रदान किये गये हैं। इसके अलावा आम जनमानस को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरा और अलाव का प्रबंध भी किया जा रहा है। जनपद के कमजोर/निराश्रित/दिव्यांग आदि नागरिकों का चिन्हीकरण कर उन्हें कंबल भी प्रदान किये जायेंगे।अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ललित कुमार ने बताया कि जनपद मे शीतलहर प्रबंधन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी हैं। दिसंबर माह से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान है तब तक समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जायेंगी।

टेंट निर्माण और बिना बर्तन के भोजन तैयार कर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कुर्की बाजार में आयोजित प्रथम एवं द्वितीय सोपान के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन छात्राओं ने टेंट निर्माण और बिना बर्तन के भोजन तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सरिता वर्मा ने छात्राओं की ओर से तैयार किए गए टेंट और भोजन का निरीक्षण कर उनके प्रयासों की सराहना की।

जिला संगठन कमिश्नर गाइड एवं शिविर संचालिका डॉ. प्रियंका तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, ध्वज लगाना, टोली निर्माण, गांठ एवं बंधन और प्राथमिक चिकित्सा का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट-गाइड के नियम, प्रतिज्ञा और स्काउटिंग के इतिहास की जानकारी दी गई। मुख्य प्रशिक्षक गौरव गोस्वामी ने सभी गतिविधियों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला ट्रेनिंग कमिश्नर सत्यवती ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से छात्राओं में अनुशासन, सेवा, सहयोग और आत्म विश्वास की भावना विकसित होती है। यह प्रशिक्षण उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाता है।